घटना के बाद करीब 30 परिवारों समेत पूरे मुस्लिम मोहल्ले में दहशत का माहौल है। खतरे की आशंका के चलते कई परिवारों ने रविवार की रात अपने घरों में नहीं बिताई और रिश्तेदारों के यहां शरण ली। दो-तीन परिवार गांव भी चले गए हैं। कुछ लोगों ने बताया कि बांसजोड़ा प्रबंधन की ओर से करीब 10 प्रभावित परिवारों को बेलगड़िया टाउनशिप ले जाकर वहां के आवास दिखाए गए हैं। लेकिन टाउनशिप के आवास को लेकर प्रभावित परिवारों को अब तक कोई स्पष्ट निर्णय या ठोस आश्वासन नहीं मिला है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जमीन के नीचे की स्थिति को लेकर लगातार भय बना हुआ है। जब तक प्रबंधन सुरक्षा के ठोस उपाय नहीं करता, प्रभावित परिवारों के लिए घरों में रात बिताना मुश्किल है। लोगों ने प्रभावित क्षेत्र का तत्काल तकनीकी निरीक्षण कराने, खतरे वाले परिवारों को सुरक्षित स्थान पर रखने, भू-धंसान स्थल की सुरक्षा व आवश्यक भराई कराने तथा प्रभावित परिवारों के लिए तत्काल राहत की व्यवस्था करने की मांग की है। इधर नेताओं के मौके पर पहुंचकर आश्वासन देकर लौटने का सिलसिला भी जारी है।

मुक्तिधाम में सरकारी प्रतीक्षालय का ताला खुलवाया

कतरास। लिलोरी स्थान मुक्तिधाम परिसर में सरकारी प्रतीक्षालय व मंदिर परिसर की कथित अनधिकृत घेराबंदी की शिकायत पर सोमवार को नगर निगम की टीम ने जांच की। वार्ड एक की पार्षद डॉ. मधुबाला और सिटी मैनेजर रोहित राहुल समद के नेतृत्व में पहुंची टीम ने बिना अनुमति बन रही पक्की दीवार का काम तत्काल बंद करा दिया।

जांच के दौरान टीम ने पूर्व सांसद रवींद्र पांडेय की निधि से बने बंद पड़े प्रतीक्षालय का ताला भी खुलवाया। श्मशान घाट संचालक आकाश डोम ने पुजारी किशोरी झा के कहने पर निर्माण शुरू कराने की बात कही, जबकि पुजारी ने घेराबंदी की जानकारी होने से इनकार किया। सिटी मैनेजर ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर दीवार हटाने की आगे की कार्रवाई होगी।

समाजसेवी राजेश स्वर्णकार ने कहा कि घेराबंदी से अंतिम संस्कार में आने वाले लोगों को परेशानी होती। प्रशासन को इस ओर ध्यान जरूर देना चाहिए। ताकि लोगों को परेशानी न हो। मौके पर विशाल महतो व विकाश डोम समेत अन्य मौजूद थे।

लोदना साइडिंग के 37 ठेका मजदूर स्थायी होंगे


मेडिकल जांच के लिए मिले पत्र को दिखाते मजदूर।

अलकडीहा, प्रतिनिधि। लोदना क्षेत्र के छह व नौ नंबर साइडिंग में काम करने वाले ठेका मजदूरों की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार बीसीसीएल में स्थायी नियोजन का रास्ता साफ हो गया है। सोमवार को प्रबंधन द्वारा 37 मजदूरों का स्क्रीनिंग टेस्ट करने के बाद उन्हें मेडिकल जांच के लिए जरूरी कागजात सौंपे गए। इस प्रक्रिया के पूरी होते ही वे मजदूर स्थायी रूप से नियुक्त हो जाएंगे।

बताया जाता है कि साइडिंग के 75 मजदूर वर्ष 1995 से स्थायी नियोजन की मांग को लेकर लड़ाई लड़ रहे थे। वर्ष 2000 में औद्योगिक न्यायाधिकरण (इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल) ने मजदूरों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कैटेगरी-वन का वेतन, अन्य लाभ और स्थायी नियोजन का आदेश दिया था। इसी आदेश के तहत वर्तमान प्रक्रिया चल रही है। बीसीकेयू के क्षेत्रीय सचिव शिवकुमार सिंह और सुरेंद्र पासवान ने इसे मजदूरों की बड़ी जीत बताया है। मेडिकल पेपर पाने वालों में मुख्य रूप से मधु बनर्जी, जयद्रथ पासवान, विकास बनर्जी, मनेश्वर मांझी, कैलाश पंडित और विजय वर्मा शामिल हैं। वहीं एपीएम अमित कुमार महतो, एडमिनिस्ट्रेटिव लीगल अनिकेत और किशोर कुमार ने कहा कि कानूनी प्रक्रिया के तहत ही यह कदम उठाया गया है।

आसपास 30s

गांजा तस्करी में जांच को पहुंची पुरुलिया पुलिस

सिजुआ। पश्चिम बंगाल के पुरूलिया जिले में 113 किलो गांजा बरामदगी मामले में पांच आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद सोमवार को पुरूलिया पुलिस ने ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र में पहुंचकर छानबीन की। पुलिस टीम ने मोहलीडीह पंचायत के ताशीम, सद्दाम व बौआकला बस्ती के शाहिद के घरों में तलाशी ली। बता दें कि गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार पांच आरोपियों में तीन का संबंध ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र से है, जबकि दो तोपचांची थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

लोदना क्षेत्रीय कार्यालय में पुस्तक प्रदर्शनी

अलकडीहा। राजभाषा पखवाड़ा पर सोमवार को लोदना क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में पुस्तक प्रदर्शनी लगाई गई। इसका उद्घाटन लोदना क्षेत्र के महाप्रबंधक अनिल कुमार सिन्हा ने किया। महाप्रबंधक का स्वागत क्षेत्रीय प्रबंधक (मानव संसाधन) अमित कुमार महतो ने पुस्तक भेंट कर किया। पुस्तक प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के ज्ञानवर्धक मनोरंजन शैक्षणिक एवं प्रेरणादायक पुस्तक उपलब्ध थी।

'विस्थापन व प्रदूषण के खिलाफ एकजुट हों'

अलकडीहा। जयरामपुर स्थित पुराने क्षेत्रीय कार्यालय के पास सोमवार को राष्ट्रीय जनता कामगार संघ का मिलन समारोह हुआ। मुख्य अतिथि संघ की महामंत्री आसनी सिंह का स्वागत किया गया। समारोह में स्थानीय लोगों ने बीसीसीएल की ओपन कास्ट परियोजना से फैल रहे प्रदूषण और बिना बुनियादी सुविधाओं के किए जा रहे विस्थापन पर आक्रोश जताया। आसनी सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विस्थापन और प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए जनता एकजुट रहे। मौके पर अनिल बाउरी, रामबती पासवान मौजूद थे।

सकलदेव सिंह की जयंती मनाई गई

सिजुआ। बिहार जनता खान मजदूर संघ के संस्थापक शहीद सकलदेव सिंह की जयंती सिजुआ मोड़ पर जयंती मनाई गई। उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित दी गई। वक्ताओं ने कहा कि शहीद सिंह अन्याय के खिलाफ हमेशा आवाज उठाते रहते थे। सदैव आम जनता व मजदूरों के हित में खड़े रहने की प्रेरणा देते थे। मौके पर दिवाकर झा, मनोज सिंह, आशीष दास, राजेश सिंह, गिरजेश सिंह, अनील सिंह, सरोज सिंह, राजीव कुमार, रंजीत सिंह, धर्मवीर सिंह, रमेश सिंह, सुनील सिंह आदि उपस्थित थे।

पेमिया देवी को दी गई श्रद्धांजलि

सिजुआ। टाटा भेलाटांड़ की बांस कपुरिया स्थित पेमिया ऋषिकेश मेमोरियल पब्लिक स्कूल में सोमवार को पेमिया देवी की पुण्यतिथि मनाई गई। उनकी प्रतिमा पर उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। टुंडी विधायक व विद्यालय के अध्यक्ष मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि उनकी माता पेमिया देवी सामाजिक कार्यों में अग्रणीय भूमिका निभाती थी। श्रद्धांजलि देने वालों में सकरू महतो, बाबूनाथ महतो, बसंत महतो, आनंद महतो, प्रतोष महतो, दिनेश महतो, विकाश महतो, रमेश कुमार, उतम कुमार, सुखेंदु माझी, प्रचार्य रूपेश आदि मौजूद थे।

टाइगर क्लब ने सिजुआ स्पोर्टिंग को हराया

सिजुआ। गजलीटांड़ शहीद मैदान में आयोजित 32 वें शहीद स्मारक फुटबॉल टूर्नामेंट का तीसरा क्वार्टर फाइनल सोमवार को सिजुआ स्पोर्टिंग क्लब और टाइगर क्लब खरखरी के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में टाइगर क्लब खरखरी ने 3-2 से जीत दर्ज करक अगले चक्र में प्रवेश किया। मध्यांतर से पहले खरखरी की ओर से शुभम ने एक गोल किया। मध्यांतर के बाद दोनों टीमों ने दो-दो गोल किए। खरखरी की ओर से राज ने दो तथा सिजुआ की ओर से चंदन और गोपी कुमार ने एक-एक गोल किया। फाइनल मुकाबला 26 सितंबर को खेला जाएगा। मुख्य अतिथि अंगारपथरा ओपी प्रभारी प्रवीण कुमार के अलावा आयोजन समिति के सच्चिदानंद सिंह, दिनेश उपाध्याय, हुलास आदि मौजूद थे।

चासनाला में कविता पाठ व चित्रांकन प्रतियोगिता

चासनाला। सेल चासनाला कोलियरीज डिवीजन के राजभाषा पखवाड़ा विभाग की ओर से आयोजित राजभाषा हिंदी पखवाड़ा में सोमवार को छोटे बच्चो के लिए कविता पाठ व चित्रांकन प्रतियोगिता हुई। कविता पाठ में 40 बच्चों व चित्रांकन में 35 बच्चो ने भाग लिया। सफल प्रतिभागियों को 30 सितंबर को समापन के मौके पर पर पुरस्कृत किया जाएगा। चित्रांकन प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका में असीम मुखर्जी, जोना रानी मुखर्जी, जबकि कविता पाठ में डॉ पूनम व नमिता सिन्हा थे।

जामाडोबा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में क्लेरिफायर की सफाई जारी

झरिया/जोड़ापोखर, हिटी। झमाडा जल संयंत्र केंद्र जामाडोबा स्थित 12 एमजीडी जलभंडारण गृह के पहले क्लेरिफायर की सफाई का कार्य सोमवार को दूसरे दिन भी युद्धस्तर पर जारी रहा।

ठेका मजदूरों ने सोमवार शाम तक करीब 75 प्रतिशत गाद की सफाई पूरी कर ली है और शेष 25 प्रतिशत कार्य मंगलवार तक पूरा होने की संभावना है। इस सफाई अभियान के कारण झरिया व आसपास के क्षेत्रों में आंशिक जलापूर्ति की जा रही है। मौके पर झमाडा के अवर प्रमंडल अभियंता कृपा शंकर, उनकी टीम और विधायक रागिनी सिंह के प्रतिनिधि राज किशोर जैना व अन्य लगातार कैंप कर रहे हैं। संयंत्र कर्मियों के अनुसार, भंडारण गृह में दो क्लेरिफायर हैं। फिलहाल एक ही क्लेरिफायर की सफाई हो रही है, जिससे पानी के मटमैलेपन में कुछ सुधार तो होगा, लेकिन समस्या से पूरी तरह निजात नहीं मिलेगी। कुछ दिनों बाद दूसरे क्लेरिफायर की भी सफाई की जाएगी। क्लेरिफायर में जमा कचरे और गाद को पानी के तेज प्रेशर से ढीला कर पाइपलाइन के जरिए बाहर निकाला जा रहा है। इधर, आंशिक जलापूर्ति के कारण झरिया के लोगों को भारी पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। पानी की कमी के चलते बाजार में 20 लीटर वाले जार की मांग अचानक बढ़ गई है। पानी विक्रेता ₹20 से ₹25 प्रति जार की दर से पानी बेच रहे हैं, जिससे लोग खाना बनाने और पीने के लिए जार का पानी खरीदने को मजबूर हैं। केंद्र के एसडीओ कृपा शंकर ने बताया कि मंगलवार को काम पूरा होने के बाद जलभंडारण कर क्षेत्रों में सामान्य रूप से जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

गोलीकांड की जांच को एनएचआरसी टीम पहुंचेगी धनबाद

बाघमारा। बीसीसीएल ब्लॉक दो क्षेत्र के मेनलिंक साइडिंग में 19 नवंबर 2022 की देर रात हुई गोलीबारी की घटना की जांच के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की टीम मंगलवार को धनबाद पहुंचेगी। आयोग के डीआईजी गौरव गर्ग ने पत्र के माध्यम से जिला प्रशासन को इसकी सूचना दी है। टीम 22 से 25 सितंबर तक मामले की जांच के साथ स्पॉट इंक्वायरी करेगी। इधर, बाघमारा पुलिस ने थाना कांड संख्या 65/2022, दिनांक 19/20 नवंबर 2022 का उल्लेख करते हुए घटना से जुड़े सभी लोगों को पत्र भेजकर आयोग की टीम के समक्ष सशरीर उपस्थित रहने को कहा है। इनमें सीआईएसएफ की क्यूआरटी टीम में शामिल अधिकारी व जवान, स्थानीय पुलिस-प्रशासन तथा कांड के वादी शामिल हैं।

केशलपुर के कोलकर्मी की मौत के बाद पुत्र के नियोजन पर सहमति

■ मृतक के पुत्र राकेश को प्रोविजनल नियोजन देने पर प्रबंधन राजी
■ प्रबंधन से वार्ता के बाद शव दाह संस्कार के लिए ले गए परिजन

सिजुआ, प्रतिनिधि। वेस्ट मोदीडीह एकीकृत केशलपुर कोलियरी के 55 वर्षीय इलेक्ट्रीशियन जगदीश महतो की कोलकाता के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

सोमवार को परिजनों और यूनियन प्रतिनिधियों ने आश्रित को नियोजन देने की मांग को लेकर शव को कतरास क्षेत्रीय कार्यालय के पास रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। करीब तीन घंटे बाद जीएम विष्णुकांत झा के साथ हुई वार्ता में मृतक के पुत्र राकेश कुमार महतो को प्रोविजनल नियोजन देने पर सहमति बनी। इसके बाद परिजन शव को दाह संस्कार के लिए ले गए। वार्ता में प्रबंधन की ओर से एपीएम उमंग कुमार ठक्कर, पीएम नीतीश कुमार व यूनियन के पार्षद छोटू सिंह, सुनील महतो, चंदन महतो, भौमिक महतो, अमरेश चौधरी, रंतोष महतो, नीतीश कुमार आदि थे।

आश्रित को नियोजन पर सहमति, आंदोलन समाप्त

चासनाला। सेल चासनाला कोलियरीज वर्कशाप के 52 वर्षीय सीनियर ऑपरेटर प्रमेन्द्र कुमार के शव को रखकर एटक के बैनर तले चल रहा आंदोलन रविवार देर रात समाप्त हो गया। प्रबंधन और यूनियन के बीच हुई सकारात्मक वार्ता में मृतक को अनफिट मानते हुए उनके आश्रित को नियोजन देने पर सहमति बनी, जिसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार किया। फेफड़े व सांस की गंभीर बीमारी से पीड़ित प्रमेन्द्र कुमार का शनिवार को इलाज के दौरान निधन हो गया था। परिजनों का आरोप है कि बोकारो मेडिकल बोर्ड द्वारा अनफिट घोषित किए जाने के बावजूद अधिकारियों की लापरवाही से फाइल लटकी रही और इसी दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वार्ता में प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक कार्मिक उदय कुलकर्णी व सहायक महाप्रबंधक पीएनबी बारीक और यूनियन की ओर से कुलवंत कुमार, मो अकबर, विशाल महतो, रंजीत हांडी, प्रदीप हांडी व अन्य मौजूद रहे।

कोयला तस्करों व सुरक्षा बल के बीच नोकझोंक

सिजुआ। तेतुलमारी पांडेडीह में रविवार रात अवैध कोयले की चोरी की सूचना पर छापेमारी करने पहुंचे सीआईएसएफ टीम के अधिकारी व चालक के साथ कोयला तस्करों के बीच जमकर नोंक झोंक हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चालक के साथ मारपीट भी की गई है। हंगामा होने की खबर पर अन्य जवान मौके पर पहुंचे, लेकिन आरोपी वाहन लेकर फरार हो गए। सूचना पर बड़ी संख्या में सीआईएसएफ जवानों ने तेतुलमारी पुलिस के सहयोग से आरोपियों की तलाश में छानबीन करने लगे। छापेमारी में जब्त करीब 12 टन कोयला बीसीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया गया। घटना पर संबंधित अधिकारियों ने किसी भी तरह की जानकारी देने से परहेज किया।

सुपरवाइजर के साथ मारपीट

बाघमारा। बीसीसीएल के गोविंदपुर क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर कोलियरी में संचालित श्री इंफ्रा आउटसोर्सिंग कंपनी कार्यालय के समीप रविवार देर रात असामाजिक तत्वों ने कंपनी के सुपरवाइजर लव कुमार के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। जानकारी के अनुसार रविवार की देर रात कुछ युवक शराब के नशे में कंपनी कार्यालय पहुंचे और वहां मौजूद सुपरवाइजर पर अपना फोन नंबर ब्लॉक करने का आरोप लगाते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। देखते ही देखते आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना के बाद सुपरवाइजर ने पूरे मामले की जानकारी कंपनी के वरीय अधिकारियों, कोलियरी प्रबंधन के साथ स्थानीय मधुबन पुलिस को लिखित शिकायत दी है।

टहनी गिरने से दो वाहन क्षतिग्रस्त

सिजुआ। अंगारपथरा ओपी के गजलीटांड़ में सोमवार की सुबह अचानक विशालकाय बरगद पेड़ की टहनी टूट कर गिरने से दो वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के दौरान लोगों में भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। चारपहिया वाहन मालिक पवन यादव ने बताया कि कुछ दिनों से दोनों वाहनों को यहां खड़ा रखा था। अचानक हुई घटना से उन्हें नुकसान हुआ है।

झारखण्ड सरकार, अधीक्षक का कार्यालय, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, धनबाद
दूरभाष : 0326-2230352(O), 9431120164(M) Email: superintendentsnmmch@gmail.com

पत्रांक :– 1713/SNMMCH
दिनांक :– 21.09.2026

जेम ई-निविदा सूचना

शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, धनबाद में वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए मानक स्तर के निर्माताओं अथवा उनके अधिकृत एवं अनुभवी वितरक से मनोरोग विभाग के उपयोग हेतु EEG Machine के क्रय आपूर्ति एवं यथावश्यक अधिष्ठापन हेतु 2–बोली व्यवस्था (2-bid system)के तहत Gem Portal पर ONLINE निविदा आमंत्रित किया जाती है। जिसका Gem Bid No.- Gem/2026/B/8034618 है। ई–निविदा को www.Gem.gov.in पर देखी तथा इच्छुक संवेदक द्वारा भाग ली सकती है। निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि – 06.10.2026 के अपराह्न 02:00 बजे तक होगी।

ह0/–
अधीक्षक
शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल धनबाद

PR 390301 Health Med Edu and Family Welfare (26-27)_D

यूको बैंक भारत सरकार का उपक्रम
सम्मान आपके विश्वास का
UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)
Honours Your Trust
राँची मुख्य शाखा

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिये)

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी, प्राधिकृत अधिकारी, **यूको बैंक, राँची मुख्य शाखा** वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का सं. 54) के अधीन और धारा 13(12) तथा संपठित प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में **ऋणी मेसर्स गणपति इंडस्ट्रीज, प्रोप: राकेश सिंह, पिता - बीरेंद्र कुमार सिंह, A52 पि एच बालीडीह इंडस्ट्रियल्स एरिया, बालीडीह, बोकारो स्टील सिटी, झारखण्ड - 827010** को सूचना में उल्लेखित रकम राशि **रु. 28,05,036.81 (रुपये अट्ठाईस लाख पाँच हज़ार छत्तीस एवं इक्यासी पैसे मात्र)** तथा अग्रिम ब्याज एवं अन्य प्रभार 60 दिनों के भीतर पुनर्संदत्त करने के लिए बुलाते हुए एक मांग देय सूचना दिनांक **16 दिसंबर 2025** को जारी किया।
उधारकर्ता द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल रहने पर, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, की नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्द्वारा उधारकर्ता और आम लोगों को यह नोटिस दिया जाएगा की अधोहस्ताक्षरी नीचे उल्लेख की गई सम्पति पर **21 सितम्बर 2026** से कब्जा कर लिया है।
ऋणी को विशेष रूप से और लोक को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पति से संव्यवहार न करने के लिए सावधान किया गया और सम्पति का कोई संव्यवहार यूको बैंक, राँची मुख्य शाखा के प्रभार के अधीन **रु. 28,05,036.81 (रुपये अट्ठाईस लाख पाँच हज़ार छत्तीस और इक्यासी पैसे मात्र)** 16-12-2025 तक (31-08-2025 तक के ब्याज के साथ) तथा अग्रिम ब्याज एवं अन्य खर्च सहित देय है।
उधारकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

समस्त सम्पति का भाग, फ्लैट संख्या A-11, ब्लॉक-A, प्रथम तल, सुपर बिल्ट-अप क्षेत्रफल 1180 वर्ग फीट, जो **जनकपुरी अपार्टमेंट** के नाम से निर्मित है तथा रैयती खतियान संख्या 307, प्लॉट संख्या 729, कुल रकबा 18 डिसमिल में है, जो मौजा – चास, टोला चिराचास, थाना – चास, थाना संख्या 30, जिला – बोकारो, झारखण्ड राज्य में स्थित है। **फ्लैट की सीमाएँ : उत्तर:** फ्लैट संख्या A-12, **दक्षिण:** प्लॉट संख्या 729 का शेष भाग, **पूर्व:** फ्लैट संख्या A-13, **पश्चिम:** जनकपुरी अपार्टमेंट, ब्लॉक-B
समस्त भूमि का भाग, खाता संख्या 307, प्लॉट संख्या 729, रकबा 18 डिसमिल, स्थित मौजा – चास, टोला चिराचास, थाना – चास, थाना संख्या 30, जिला – बोकारो, झारखण्ड। **भूमि की सीमाएँ : उत्तर:** विक्रेता की अपनी भूमि, **दक्षिण:** प्लॉट संख्या 729 का शेष भाग, **पूर्व:** 20 फीट चौड़ी सड़क, **पश्चिम:** विक्रेता की अपनी भूमि

दिनांक : 21.09.2026 | स्थान : राँची
विवाद/ त्रुटि की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।
प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक

ई० प्रोक्यूरमेंट सेल
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल धनबाद

अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस
ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0 14/2026–27/EE/BCD/DHANBAD

क्रमांक	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Proposed Renovation and New Construction Work PS, JRMA Petiya Panchayat, Dhanbad.	99,85,000.00	1,99,700.00	10,000.00	06 माह।

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 25.09.2026 11:00 बजे
2. वेबसाईट में निविदा डालने की अन्तिम तिथि/समय :– 10.10.2026 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, धनबाद।
4. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 12.10.2026 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, हजारीबाग।
5. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9973309316
6. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 7488650243
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापसी होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandterders.gov.in पर देखा जा सकता है।
Note :- UCAN Registration is mandatory for the Bidders
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, धनबाद
PR 390323 Building (26-27)_D

झारखण्ड सरकार, कार्यालय जिला परिवहन पदाधिकारी, धनबाद
Email: dto-dhanbad@jharkhandmail.gov.in

-:: आवश्यक सूचना ::-

एतद् द्वारा सभी संबंधित वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि वाहन पोर्टल के अवलोकन के पश्चात् निम्न वाहन स्वामियों का टैक्स बकाया पाया गया। उक्त कृत मोटर वाहन अधिनियम, 1988 का उल्लंघन है। साथ ही साथ राजस्व क्षति का गंभीर विषय है। वैसे बकायेदार वाहन स्वामियों को निदेश दिया जाता है कि वे अपने वाहन का टैक्स आदि के कागजात अद्यतन कराना सुनिश्चित किया जाय, अन्यथा मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के सुसंगत धाराओ के तहत् सख्त कार्रवाई की जायेगी।
टैक्स बकाया वाहनों की सूची निम्न प्रकार है :–

S. No	Regn No	Vehicle Class	Vehicle Category	OWNER NAME	Father's Name	Adress	Mobile No	Total Tax Arrear Amount in (Rs)
1	JH10BQ1747	Excavator (Commercial)	MGV	ABDUL QUDDUS ANSARI	JALIL ANSARI	KATHGARA SUDAN,BARKATHA,,Hazaribagh,Jharkhand,825109	7033299825	1589230
2	JH10AD4103	Construction Equipment Vehicle (Commercial)	LMV	ABDUL RAHMAN	MOHAMAD MERAJ SHEIKH	AMARPUR,GOIVNDPUR,,Dhanbad,Jharkhand,828109	9123112712	117530
3	JH10BL5925	Excavator (Commercial)	MGV	AHMED RAJA	S/O ALHAJ AHMED	AT: RAHMAST GUNJ, PANDER PALA,DHANBAD, PS:BHULI,BISHUNPUR,Dhanbad,Jharkhand,828130	8789381377	1736228
4	JH10BJ2644	Excavator (Commercial)	MGV	AJAY KUMAR SAW	LAKHAN SAW	MALAKPUR LORAM,ITKHORI CHATRA,,Dhanbad,Jharkhand,826001	7903502513	1688067
5	JH10BK9248	Excavator (Commercial)	MGV	ALOK KUMAR YADAV	RAJ KISHOR YADAV	WARD NO 8 PUTUR KATAHAR,KALA THANA DHURKI, SONDIHA KATHAKALA,Garhwa ,Jharkhand,822121	7549181616	1610237
6	WB37B6442	Construction Equipment Vehicle (Commercial)	OTH	AMARJIT YADAV	S/O LT SARJU YADAV	KUMARDHUBI MORE, CHIRKUNDA,DHANBAD,Dhanbad,Jharkhand,826001	8010348949	368855
7	JH10BN0695	Excavator (Commercial)	MGV	AMBEYS HITECH REAL CONST. PVT. LTD.	NA	AT: AMBEYS TOWER, KATRASH ROAD,,MATKURIA,,NEAR HYUNDAI SHOW ROOM,,Dhanbad,Jharkhand,826001	9234613418	1569410
8	JH10BL6838	Excavator (Commercial)	MGV	ANGREJ SINGH	BADRI SINGH	GIRIDIH BARWADIH,GIRIDIH,,Giridih,Jharkhand,814150	9955340793	1314586
9	JH10BZ6886	Excavator (Commercial)	MGV	ARJUN SAW	PUNIT SAW	MANIHARI,GIRIDIH,,Giridih,Jharkhand,825102	9631784031	153147
10	JH10BS4242	Excavator (Commercial)	MGV	ARSHAD ANSARI	MD ILIYAS ANSARI	WARD NO 04 MARKACHHO,MAJHILADIH,,Kodarma,Jharkhand,825318	6200014072	1662271
11	JH10BJ4801	Construction Equipment Vehicle (Commercial)	OTH	ARUL KUMAR AGARWAL	LATE LAKHAN LAL AGRAWAL	C/O KDH PROJECT CCL AREA,NEW ROA,PUSRO,Bokaro,Jharkhand,827004	9771408848	81853
12	JH10BJ9990	Construction Equipment Vehicle (Commercial)	OTH	ARUN KUMAR AGRAWAL	LATE LKHAN LAL AGRAWAL	C/O KDH PROJECT CCL AREA,NEW ROAD,PUSRO,Bokaro,Jharkhand,835306	9431151064	81853
13	JH10AR4638	Construction Equipment Vehicle (Commercial)	OTH	ASIM KUMAR DUTTA	S/O FATIK CH DUTTA	H NO 92 RANGUNI,TETULMARI,DHANBAD, Dhanbad,Jharkhand,828104	9334272838	180254
14	JH10BG3843	Excavator (Commercial)	MGV	ASLAM ANSARI	RAHMAN MUNIF ANSARI	H NO 60A GANODIH,DUMRI,GIRIDIH,Giridih,Jharkhand,825102	Not Available	1608167
15	JH10N9465	Construction Equipment Vehicle (Commercial)	OTH	ASURUDDIN ASNARI	S/O KARAMAT ANSARI	H NO 130 MURGABANI,JANGALPUR GOVINDPUR,DHANBAD,Dhanbad,Jharkhand,826001	8294647174	307365
16	WB24R2903	Construction Equipment Vehicle (Commercial)	OTH	BABLU SAW	S/O LT JAGAR NATH SAW	NICHE KULHI,JHARIA,DHANBAD,Dhanbad,Jharkhand,826001	8084250735	467532
17	JH10BL3459	Excavator (Commercial)	MGV	BAHADUR TURI	LAXMAN TURI	MONARBANDH,GAWAN,,Giridih,Jharkhand,815313	9801280657	1638026
18	JH10BL2131	Construction Equipment Vehicle (Commercial)	OTH	BALMIKI RAM	JOY PRAKASH RAM	PURE SITALPUR COLLIERY,6 NO. BAHULA ANDAL,BARDDHAMAN WB A/P HIRAPUR,Dhanbad,Jharkhand,826001	9547641120	105072
19	JH10BP4425	Excavator (Commercial)	MGV	BALRAM PRASAD	LT. KARDHNI SAW	SEMARBURHNI,MAHUWADAND,,Latehar,Jharkhand,822119	9608104629	1544119
20	JH10BL4336	Construction Equipment Vehicle (Commercial)	OTH	BANSHI YADAV	HARI GOPE	CHALANGA NAGAR BARSOT,BARHI HAZARIBAGH A/P HARIKUNJ APPT.,SARAIDHELA,Dhanbad,Jharkhand,826001	9162994434	257043
21	JH10K1443	Excavator (Commercial)	MGV	BARUN BAOYALEE	MANMATHA BAOYALEE	KHAMARKALLA NORTH 24 PARGANAS,GOPAL NAGAR WB,A/P L C ROAD HIRAPUR,Dhanbad,Jharkhand,826001	7872765397	262896
22	JH10BN0299	Excavator (Commercial)	MGV	BASUDEO KUMAR MAHTO	S/O DAWARIKA PRASAD.	AT: 81, TENGARAKHURD,,PORDAG.,, Giridih,Jharkhand,828130	9955493143	1636513
23	JH10BM2904	Excavator (Commercial)	MGV	BCCL	NA	BHULI TOWNSHIP ADMINISTRATION,BHULI,BCCL,,Dhanbad,Jharkhand,826001	9470599484	70132
24	JH10BB8874	Construction Equipment Vehicle (Commercial)	OTH	BCCL	I/C MANAGER	SIJUA,DHANBAD,DHANBAD,Dhanbad,Jharkhand,826001	8102021255	84057
25	JH10AP7423	Construction Equipment Vehicle (Commercial)	OTH	BGR MINING AND INFRA PVT.LTD.	I/C HARISH REDDY	AMRAPALI OCP CENTRAL COALFIELDS,LIMITED AMRAPALI,GAYA,Dhanbad,Jharkhand,826001	9801866799	94980
26	JH10BB1850	Construction Equipment Vehicle (Commercial)	OTH	BHUNESHWAR MAHTO	CHETLAL MAHTO	PALMA PARTANGA CHURCHU,TATIJHARIA,,Hazaribagh,Jharkhand,825313	6200494130	203587
27	JH10AW2517	Construction Equipment Vehicle (Commercial)	OTH	BIJENDRA MANDAL	BASUDEV MANDAL	SARIYA KHURD BLOCK,SARIYA CHOTKI GIRIDIH,A/P RATANPUR TUNDI,Dhanbad,Jharkhand,826001	7992397922	108096
28	JH10BR3081	Excavator (Commercial)	MGV	BIMAL KUMAR MAHTO	HARI BHAJAN MAHTO	SHOP NO- 8 CENTRAL POOL,NIRSA,SASANBERIA, DHANBAD,Dhanbad,Jharkhand,828205	7739350670	2348959
29	JH10AA6865	Construction Equipment Vehicle (Commercial)	OTH	BINAY KUMAR SINHA	S/O BHAWANI SHANKAR PRASAD	H.NO. 187 MANOHAR,TANR BASTI,DHANBAD,Dhanbad,Jharkhand,826001	8804538066	55873
30	JH10BJ7111	Excavator (Commercial)	MGV	BIRENDRA RAI	JETHU RAY	HERLAGHATI,NIMADIH GAWAN,,Giridih,Jharkhand,815313	9661815146	1546296
31	JH10N7025	Construction Equipment Vehicle (Commercial)	OTH	BISHNU TRANSPORT CO.	I/C ASHOK KR. KHANNA	S/O LT. CHAMAN LAL KHANNA,SASANPAHARI CHIRKUNDA,DHANBAD,Dhanbad,Jharkhand,826001	9431122710	131517
32	JH10AL0980	Excavator (Commercial)	MGV	CHANDRA SHEKHAR KUMAR	GAYAN SINGH	BISHUNPUR PIRTAND GIRIDIH,A/P LILLTEN ANGARPATHAR,KATRASGARH,Dhanbad,Jharkhand,826001	9304871129	100741
33	JH10BN7295	Excavator (Commercial)	MGV	CHETLAL RAM	S/O ARJUN RAM,	PANCHAYAT: FATEHPUR,,BLOCK & PS: TUNDI, VILL: NAWATAND,,PO: MANIYADIH,,Dhanbad,Jharkhand,828109	9939579195	1544047
34	JH10AR7418	Construction Equipment Vehicle (Commercial)	OTH	DABLU KUMAR SHARMA	RAJ KISHOR SHARMA	CHHATATAND BUDHIYADIH,GIRIDIH A/P HIRAPUR,,Dhanbad,Jharkhand,826001	8797930046	108413
35	JH10BS5934	Excavator (Commercial)	MGV	DASTGEER ALAM	GULAM MUSTAFA	CHHATARPUR,KALYANPUR,GARHWA,Garhwa ,Jharkhand,822114	8770943687	1597884
36	JH10U6745	Construction Equipment Vehicle (Commercial)	OTH	DAULAT MAHATO	S/O M.L. MAHATO	BARWATAR,KATNIA OJHADIH,TUNDI DHANBAD,Dhanbad,Jharkhand,826001	7903945024	112870
37	JH10BL6342	Excavator (Commercial)	MGV	DEEPAK SINGH CHOUDHURY	SUNIL SINGH CHOUDHURY	BAHADURPUR,BAGSUMA,GOVINDPUR, Dhanbad,Jharkhand,828109	9608104629	1546296
38	JH10BQ4892	Excavator (Commercial)	MGV	DEWENDRA KUMAR PATEL	CHANDAN MAHTO	KHAKHANDA,TIRLA,MAHUATAND, Bokaro,Jharkhand,829134	7033299825	1615145
39	JH10BS0418	Excavator (Commercial)	MGV	DILIP KUMAR SINGH	JAMUNA SINGH	EGARKUND,GALFARBARI MORE,,Dhanbad,Jharkhand,826001	9304497670	71998

PR 390318 Transport (26-27)_D
जिला परिवहन पदाधिकारी, धनबाद